Title: Need to direct the collector of the Reeva district of Madhya Pradesh to provide required information to the Member of Parliament.

श्री चन्द्रमणि त्रिपाठी (रीवा): माननीय सभापति जी, सत्र प्रारंभ होने के डेढ़ महीने पहले मैंने रीवा के कलैक्टर को एक पत्र लिखा कि केन्द्र सरकार द्वारा संचालित जितनी योजनायें हैं, उनको वर्ष १९९७-९८, १९९८-९९ में कितना पैसा भेजा है और वह किस-किस मद में खर्च हुआ है, उसका पूरा ब्यौरा मुझे दिया जाये। मैंने कलैक्टर, रीवा को रिमाइंडर भी लिखा लेकिन कलैक्टर, रीवा जानबूझकर मेरे किसी भी पत्र का जवाब वहां के एक प्रभावशाली नेता के दबाव में नहीं दे रहे हैं। इतना ही नहीं कलेक्टर के जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के चलते वहां के सरपंच को आत्महत्या करनी पड़ी। उन्होंने एक लिखित नोटिस दिया था कि यदि उसकी बात नहीं मानी गई, तो वह आत्मदाह कर लेगा ।

मैं मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि सूचना का अधिकार, जानकारी का अधिकार आम नागरिक को भी है लेकिन एक संसद सदस्य जानकारी हासिल नहीं कर पा रहा है। कलैक्टर, रीवा उसके पत्रों का जवाब नहीं दे रहा है। मैं मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि वे कम से कम ऐसी व्यवस्था कर दें कि जब हम लोग पत्र लिखें तो हमें उन पत्रों का जवाब मिल जाये।